ब्रीफ न्यूज

सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी आज होगी परीक्षा

प्रयागराज, 7 जून (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कल यानि आठ जून से शुरू होने वाली यह परीक्षा जिले के 42 केंद्रों पर होगी। तीन दिनों तक चलने वाली परीक्षा में करीब 98 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 12,500 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सिपाही भर्ती परीक्षा 8, 9 और 10 जून को होगी। हर दिन दो पाली में परीक्षा होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। इस तरह कुल छह पाली में परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा के नोडल अफसर डीसीपी हेडक्वार्टर पंकज ने आज बताया- हर पाली में 16 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आने को देखते हुए यातायात, सुरक्षा और परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है।प्रयागराज जिले में कुल 42 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें यमुनानगर क्षेत्र में 6 केंद्र, शहर में 33 और गंगानगर क्षेत्र में 3 केंद्र हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था भी रहेगी। परीक्षा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व रखी गई है। जिले में कुल 12,500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। परीक्षा केंद्रों के बाहर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष टीमों को लगाया गया है। साइबर सेल और खुफिया इकाइयों को भी सक्रिय किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की नकल, सॉल्वर गैंग या पेपर लीक जैसी गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।करीब एक लाख अभ्यर्थियों के प्रयागराज पहुंचने से रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और प्रमुख मार्गों पर भारी भीड़ रहने की संभावना है। अभ्यर्थियों के साथ उनके परिजन भी शहर पहुंचेंगे, जिससे होटल, लॉज और धर्मशालाओं में भी दबाव बढ़ सकता है। प्रशासन ने अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचने की सलाह दी है। प्रवेश पत्र और पहचान पत्र की जांच के बाद ही केंद्र में प्रवेश मिलेगा।

2027 यूपी में बनेगी समाजवादी पार्टी की सरकार : शिवपाल यादव

इटावा, 07 जून (वार्ता)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया है कि 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी की हर हाल में सरकार बनेगी, जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने को आतुर नजर आ रही है। इटावा के भरथना विधानसभा के रतनपुर गांव में लोकमाता अहिल्याबाई पार्क और मूर्ति का अनावरण करने के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री 24 घण्टे बिजली देने की बात करते हैं और बिजली आठ घण्टे भी नहीं मिल रही है। कितने झूठे लोग हैं बिजली दे नही पा रहे और बिजली की दर और बढ़ा दी। किसानों को बीज खाद सिंचाई के लिए पानी भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी कर्मचारी जनता के साथ अत्याचार कर रहे हैं। ऐसे लोगों के नाम नोट कर लें। उनको बख्सा नहीं जाएगा। अगर उन अधिकारियों कर्मचारियों की सिफारिश हमारे लोग भी करेंगे तो उनको भी नहीं बख्सा जाएगा। केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार जनता को लूटने में लगी है। जीएसटी को एक बार लगने की कह कर 28 फीसदी कई बार लिया जा रहा है। लूटकर बजट रकह लिया और खर्च 44 फीसदी से ज्यादा खर्च नहीं उसमें भी बेईमानी हुई। विधायक निधि में भी कमीशन है 5 फीसदी बाबू 5 फीसदी जिला कार्यालय में जिसमें सभी लोग अधिकारी शामिल हैं। 12 फीसदी संस्था का और काम कराने वाला ठेकेदार 20 फीसदी। जीएसटी 18 फीसदी कुल 60 फीसदी हो गया।अब विधायक क्या करेंगे। इस सरकार में कोई योजना आती है। तो वह विपक्ष के लोगों को नहीं मिलेगी।मुलायम सिंह की सपा की सरकार में ऐसा नहीं होता था।जो योजना होती सबको मिलती थी। उन्होंने जनता से हाथ उठवाकर 2027 में इस भाजपा सरकार को हटवाने के लिए त्रिवाचा भरवाया। कहा कि जो बांट रहे हैं उसको ले लेना और वोट सायकिल को दे देना। शिवपाल यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार को अघोषित इमरजेंसी बताया।सभी संस्थाओं पर कब्जा कर लिया।किसी की सुनवाई हो नहीं रही खुले आम बजट को लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेपर लगातार लीक हो जा रहे हैं।गैस बिजली के दाम बढ़ रहे हैं।जनता के बजट के पैसे को लूटा जा रहा हैं महिलों की कोई सुरक्षा इस सरकार में नहीं है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि प्रदेश सरकार में सामाजिक न्याय घटा हैं। भाई भाई को बांटा जा रहा है। आजादी के 77 साल बाद भी लोगों को सामाजिक न्याय नहीं मिला है।पीडीए के लोग कलक्टर एसपी एसडीएम आदि न बन पाए बीजेपी ऐसा काम कर रही है।लेकिन अब ये पीडीए के लोग समझ गए हैं इसलिए बिजली आपस मे लड़ाकर बांटने का काम कर रही है।संविधान को धोखा दिया। संविधान जिसने हमको पिछड़ों को सौ में 27 नौकरी दी।जिसके लिए मुलायम सिंह ने अपना खून बहाया।बीजेपी उसको खत्म करना चाहती है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस से बातचीत में कहा कि संविधान बचाने वाले लोग एक तरफ हैं और नफरत पैदा करने वाले लोग दूसरी तरफ हैं।उन्होंने सरकार के समय पूर्व विधानसभा के चुनाव कराने की संभावना के सवाल पर सहमति जतायी।उन्होंने सपा के लोगों में अनुशासन की कमी के सवाल पर इनकार करते कहा कि सपा के लोग अनुशासित हैं।संविधान के तहत चलने वाले हैं।

ऑनर किलिंग का मामला सामने आया, पिता चाचा और चाची समेत 4 गिरफ्तार

हरदोई, 7 जून (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के संडीला थाना क्षेत्र में इज्जत के नाम पर 19 वर्षीय युवती की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। समदखेड़ा गांव निवासी शुभी की मौत के मामले में उसकी मां मिथलेशा की तहरीर पर पुलिस ने हत्या और साक्ष्य नष्ट करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार युवती की मौत के बाद घटना को छिपाने के लिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया था, जिसके बाद शिकायत मिलने पर मामले का खुलासा हुआ।इस मामले में पुलिस ने युवती के पिता चाचा और चाची समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है । पुलिस के मुताबिक समदखेड़ा के रामदयाल की पुत्री शुभी तीन-चार जून की रात बिना बताए घर से कहीं चली गई थी और सुबह करीब चार बजे वापस लौट आई थी। इस बात से नाराज परिजनों ने उससे पूछताछ की। आरोप है कि पूछताछ के दौरान पिता, चाचाओं और चाची ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। युवती की मौत के बाद आरोपियों ने मामले को सर्पदंश अथवा आत्महत्या का रूप देने के लिए शव पर निशान बनाए और बिना पुलिस को सूचना दिए बाग में उसका अंतिम संस्कार कर साक्ष्य नष्ट करने का प्रयास किया। अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध कुमार गौतम ने बताया कि आज उसकी मॉं की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच और पूछताछ में घटना से जुड़े तथ्य सामने आने के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मृतका का पिता रामदयाल, चाचा मुनीश, चाचा सुरेश तथा चाची माधुरी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि प्रकरण में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है।

नदी में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत, मचा कोहराम

औरैया, 7 जून (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के थाना बेला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुर्वा भवन में रविवार को एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां पांडव नदी में नहाने गए दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुर्वा भवन निवासी धीरेंद्र पाल का 8 वर्षीय पुत्र विष्णु और हरजू पुर्वा निवासी सुदेश का 8 वर्षीय पुत्र अंश सुबह अपने चाचा धर्मेंद्र पाल के साथ भेड़ चराने के लिए निकले थे। घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर स्थित पांडव नदी को देखकर दोनों बच्चे उसमें नहाने के लिए चले गए।

चुनाव से पहले उत्तराखंड में मुख्यमंत्री ने बांटी रेवड़ी

देहरादून, 7 जून (वार्ता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों की मदद करने और ज़िला लेवल के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए कई मामलों में मुख्यमंत्री राहत कोष से कई फाइनेंशियल मदद को मंज़ूरी दी। मुख्यमंत्री ऑफिस की एक रिलीज़ के मुताबिक, 05 अगस्त 2025 को, यमुना नदी के पानी के बहाव में थोड़ी रुकावट के कारण, कुंआला गाँव के स्यानाचट्टी में एक झील बन गई, जिससे होटल और इमारतें डूब गईं। कुल 19 प्रभावित लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 6.109 मिलियन (61.09 लाख) की मदद दी गई है। इसके अलावा, फाइनेंशियल ईयर 2025-26 के दौरान भारी बारिश और लैंडस्लाइड से प्रभावित टिहरी गढ़वाल जिले के अलग-अलग गांवों में ह्र खासकर धनौल्टी, टिहरी, प्रतापनगर, जाखणीधार और मदननेगी तहसीलों में ह्र जो परिवार अभी किराए के घरों में रह रहे हैं, उन्हें छह महीने तक किराए की मदद मिलेगी। यह मदद चीफ मिनिस्टर रिलीफ फंड से हर परिवार को हर महीने 4,000, यानी कुल 1.928 मिलियन (19.28 लाख) के हिसाब से मंज़ूर की गई है। अश्री ठशरव - उत्तराखंड के सीएम धामी ने खेतीखान खख्रख्र का नाम बदलकर लांस नायक रेवाधर के नाम पर रखा चीफ मिनिस्टर ने फाइनेंशियल ईयर 2026-27 के बजट में दिए गए अनटाइड फंड के तहत हर जिले को 13 करोड़ जारी करने की भी मंज़ूरी दी है। इसके अलावा, देहरादून ज़िले में इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों के लिए 2.43 करोड़ के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई है, जिसमें पित्थूवाला ब्रांच के तहत गढ्ढा एन्क्लेव में सीवर लाइन बदलना और संधू एन्क्लेव और प्रियदर्शिनी एन्क्लेव में ड्डाड (सीवेज पंपिंग स्टेशन) बनाना शामिल है। शनिवार को, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप ऑफ़िस, मुख्य सेवक सदन में राज्य भर से आए लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने जनता से सीधे बातचीत की, उनकी चिंताओं को गंभीरता से लिया और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। अश्री ठशरव - घशवरऑपरीह धरीऑर में सुरक्षा सख्त, 'ऑपरेशन कालनेमी' से असामाजिक तत्वों पर नजर मुख्यमंत्री ने सड़क, पीने का पानी, हेल्थकेयर, शिक्षा और आर्थिक मदद से जुड़े मामलों पर तेज़ी से कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर जनता की शिकायतों का समय पर और असरदार तरीके से निपटारा करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि मामलों को सुलझाने में बेवजह देरी नहीं होनी चाहिए और हर मामले की रेगुलर मॉनिटरिंग होनी चाहिए। इससे पहले अप्रैल में, उत्तराखंड कैडर के इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (खत्रह्व) ऑफिसर संजीव चतुर्वेदी ने लगभग नौ साल तक 447 दिनों की ऑफिशियल फ़ील्ड ड्यूटी के लिए मिलने वाले सभी टूर अलाउंस उत्तराखंड चीफ मिनिस्टर रिलीफ फंड में दान कर दिए थे, जिनकी रकम 3 लाख रुपये से ज़्यादा थी।

भोगियों और पाखंडियों की नहीं, आज प्रदेश में योगी सरकार

रामपुर, 7 जून (वार्ता)। प्रभारी मंत्री बनने के बाद प्रथम बार आगमन पर कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने विकास भवन में कानून व्यवस्था सहित सभी विभागों की समीक्षा बैठक की। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में आज भोगियों और पाखंडियों की नहीं प्रदेश में योगी की सरकार है। उन्होंने कहा कि पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और आखिरी डॉ. मनमोहन सिंह रहे, 64 सालों का कांग्रेस का प्रथम चरण खत्म हो गया। उन्होंने कहा अब 2014 से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार है और ये दूसरा चरण शुरू हो चुका है। कहा कि कांग्रेस ने 64 वर्षों से अधिक के शासनकाल इतने काम नहीं किए, जितने पिछले 12 वर्षों के भाजपा कार्यकाल में हुए। वर्तमान सरकार ने विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं, जबकि पहले के समय में अपेक्षित गति से विकास कार्य नहीं हो पाए। उन्होंने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी मीडिया के साथ साझा की। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में देश ने विकसित भारत की दिशा में तेज गति से प्रगति की है तथा गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2017 से पूर्व एवं उसके बाद उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति की तुलना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कानून व्यवस्था अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं प्रभावी हुई है। इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला प्रभारी राजा वर्मा, नगर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक विधायक राजबाला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, एमएलसी महाराज सिंह, अभय गुप्ता, मोहन कुमार लोधी, चित्रक मित्तल, दीक्षा गंगवार, रविंद्र सिंह रवि, अर्जुन रस्तोगी, जगपाल सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी आकाश सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता आदि पदाधिकारियों सहित जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, एसपी सोमेंद्र मीना, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में रामपुर जिला प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और सभी विभागों को कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए। कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नियमित टीकाकरण अभियान चलाकर शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था एवं दवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने खाद्य एवं रसद विभाग, जिला कृषि अधिकारी, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बाल अपराध, साइबर अपराध पर भी समीक्षा करते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने तहसील शाहबाद के हिम्मतपुर गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। गोवंश का विधिवत पूजन-अर्चन, माल्यार्पण एवं तिलक किया। उन्होंने गोवंशों को अपने हाथों से गुड़ खिलाकर गोसेवा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की तथा गौ संरक्षण को भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण आधार बताया।

मिट्टी बचेगी तो खेती बचेगी, खेती बचेगी तो किसान बचेगा

काशीपुर, 7 जून (वार्ता)। उत्तराखंड के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को काशीपुर स्थित गन्ना प्रेक्षागृह में आयोजित राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' कार्यक्रम में किसानों से वैज्ञानिक, प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मिट्टी का स्वास्थ्य सुरक्षित रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए नियमित मृदा परीक्षण तथा उर्वरकों का संतुलित उपयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत और आधुनिक तकनीकों को अपनाने की सोच कृषि क्षेत्र को नई दिशा दे रही है। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों के कम एवं संतुलित उपयोग के साथ जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने से उत्पादन लागत कम होती है, फसल की गुणवत्ता बेहतर होती है और भूमि की उत्पादकता लंबे समय तक बनी रहती है। साथ ही जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना भी आवश्यक है।